कोटद्वार, बुधवार
10 दिसम्बर 2025
वर्ष: 48
अंक: 203 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### विवाहिता की मौत

रुद्रपुर। शादी के मात्र 12 दिन बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से दोनों पक्षों में शोक और आक्रोश है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर समय से उपचार न कराने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रम्पुरा वार्ड–24 की 24 वर्षीय सोनी, पुत्री मंगलसेन की शादी 26 नवंबर को मुरादाबाद के लाइन पार शिव विहार कॉलोनी निवासी महेश उर्फ गौतम पुत्र विजय कुमार से हुई थी। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार तड़के महेश ने फोन कर बताया कि रात करीब तीन बजे से सोनी की तबीयत बिगड़ रही है। सूचना पर मायके वाले ससुराल पहुंचे तो सोनी बेहोशी की हालत में मिली। परिजनों ने उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने कुछ देर में सुधार होने की बात कही, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उसे रुद्रपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने सोनी को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष का आरोप है कि समय पर इलाज न मिलने से सोनी की जान गई। जबकि ससुराल पक्ष का कहना है कि वह दो–तीन दिनों से सुबह तीन बजे स्नान कर रही थी, जिससे ठंड लगने पर तबीयत बिगड़ी। मृतका के पिता मंगलसेन और भाई अशोक ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सीओ प्रशांत कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सफाई कर्मचारियों की मांगें पूरी करे सरकार

देहरादून। नगर निगम के स्थापना दिवस के मौके पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी नरेश वेद, नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सोनू खेरवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विनियमितीकरण की कट ऑफ डेट 2018 से बढ़कर 2025 तक करने की मांग उठाई। ताकि जो सफाई कर्मचारी विनियमितीकरण नियमावली से वंचित रह रहे हैं उन्हें भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि राज्य में जहां भी स्थानीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारी नदी नालों की चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे हैं। उन्हें पहले विस्थापित किया जाए और पांच– पांच बिस्वा जमीन सर्कल रेट पर आवंटित की जाए। नगर निगम देहरादून का दायरा बढ़ने के हिसाब से कम से कम दस हजार नए स्थाई कर्मचारी भर्ती करने की मांग की। इस दौरान विनोद कुमार, सुनील कुमार, अरुण, सूरज सूद समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सहकारी समिति के एमडी की हार्ट अटैक से मौत

रुड़की। लक्सर के खेड़ी कला निवासी 35 वर्षीय ओमकार सिंह खानपुर ब्लॉक की सहकारी समिति में प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात थे। वे परिवार सहित लक्सर कस्बे में सोसायटी रोड पर रहते थे। सोमवार की रात अचानक उनके सीने में तेज दर्द हुआ। परिवार के लोग उनको तुरंत एक नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टर ने उनकी हालत गंभीर बताकर रुड़की के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें रुड़की के अस्पताल ले गए, लेकिन इससे पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताई है। मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है। एडीओ सहकारिता खानपुर गौरव शर्मा ने हार्ट अटैक से एमडी की मौत होने पुष्टि की है।

### इंडिगो की उड़ानें पटरी पर, रविवार से लगातार समय से पहुंच रहीं दोनों फ्लाइटें

रुद्रपुर। रविवार से इंडिगो एयरलाइंस की दोनों उड़ानें लगातार अपने निर्धारित समय पर पंतनगर पहुंच रही हैं। मंगलवार को भी दोनों इंडिगो फ्लाइट समय से एयरपोर्ट पर उतरीं। यात्रियों से बातचीत में सामने आया कि उड़ानों का संचालन सुचारू है और कनेक्टिंग फ्लाइट्स भी समय से मिल रही हैं। मुंबई से आए यात्री मोहन ने बताया कि उनकी कनेक्टिंग फ्लाइट बिना किसी समस्या के समय पर मिल गई। अन्य यात्रियों का भी कहना है कि यात्रा के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं झेलनी पड़ी।

## मतदाता सूची से स्वतः हट जाएंगे मृतक वोटरों के नाम

### जन्म–मृत्यु पंजीकरण डाटा से जोड़ने की तैयारी में आयोग



देहरादूनः प्रदेश में निकट भविष्य में मतदाता सूची में से मृतक वोटरों के नाम स्वतः ही हट जाएंगे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय जन्म–मृत्यु पंजीकरण के डाटा को कार्यालय से आनलाइन जोड़ने की तैयारी कर रहा है। अभी बीएलओ मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटाने का कार्य करते हैं। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में निकायों का सहयोग लेने की भी तैयारी कर रहा है। प्रदेश में इस समय प्री एसआइआर का कार्य चल रहा है। यह देखा गया है कि प्रदेश में इस समय बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शहरी क्षेत्रों में आकर बस गए हैं। इनकी मैपिंग करना एक बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय निकायों का भी सहयोग लेने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत प्रदेश के म्यूनिसिपल कमिश्नर को डिप्टी इलेक्शन आफिसर के रूप में तैनात किया जाना प्रस्तावित है। राज्य सरकार इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अनुमति दे चुका है। अब मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को सहमति के लिए पत्र भेजा गया है। आयोग की अनुमति यदि प्राप्त होती है तो प्रदेश में प्री एसआइआर के कार्य तेजी से हो सकेंगे। इससे न केवल मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय निकायों के डाटा का इस्तेमाल कर सकेंगे बल्कि निकाय कार्मिकों को भी इस कार्य में लगा सकेंगे। नगर आयुक्तों को डीइओ बनाने के लिए राज्य सरकार की अनुमति प्राप्त हो गई है। अब भारत निर्वाचन आयोग को अनुमति के लिए पत्र भेजा गया है।

### घायल मैक्स चालक की हुई मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रविवार को सतपुली क्षेत्र के अंतर्गत रेतपुर मोटर मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग से गिरे पत्थर की चपेट में आने से घायल हुए वाहन चालक की मौत हो गई। मृतक को श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को टैक्सी यूनियन वाहनों का संचालन बंद रखेगा। रविवार सुबह ओडल गांव निवासी रविंद्र मैक्स वाहन में सवारी लेकर रेतपुर जा रहा था। इसी दौरान गुमखाल–सतपुली राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान एक बड़ा पत्थर लुढ़कता हुआ मैक्स वाहन के ऊपर गिर गया। मैक्स वाहन में सवार लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रविंद्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। रविंद्र ने एम्स अस्पताल ऋषिकेश में अंतिम सांस ली। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि मृतक चालक रविंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बुधवार को रूट पर सभी मैक्स वाहनों का संचालन बंद रहेगा। वहीं, लोगों ने निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे स्थित मार्गों पर बेतरतीब तरीके से मलबा फेंका जा रहा है। मार्ग पर उड़ रही धूल के कारण भी आमजन को परेशानी हो रही है। बताया कि उक्त मार्ग पर कुछ माह पूर्व एक जेसीबी चालक ने युवक पर जेसीबी की बेकेट से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। उपजिलाधिकारी सतपुली रेखा आर्य ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर निर्माणदाई संस्था को धारा 133 का नोटिस भेजा गया है।

## उत्तराखण्ड को केंद्र सरकार की 1700 करोड़ की सौगात

- 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 1700 करोड़ की धनराशि मंजूर
- मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री से की भेंट

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ग्रामीण विकास को गति देने तथा हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित अवसंरचना के पुनर्निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान राज्य की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 1700 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई, जिनकी कुल लंबाई 1228 किलोमीटर होगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल की प्राकृतिक आपदा में प्रदेश की 946 सड़कें और 15 पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनके पुनर्निर्माण के लिए लगभग 650 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। कहा कि सीमित संसाधनों वाले पर्वतीय राज्य के लिए यह क्षति अत्यंत चुनौतीपूर्ण है और ऐसी स्थिति में केंद्र से विशेष सहयोग अपेक्षित है, ताकि प्रभावित अवसंरचना का त्वरित पुनर्निर्माण किया जा सके। मुख्यमंत्री ने हाल की आपदा से क्षतिग्रस्त लगभग 5900 घरों की मरम्मत के लिए भी उत्तराखण्ड को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने फसलों की सुरक्षा और उत्पादन वृद्धि के लिए अलग से बजट की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए आगामी पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 200 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र ही अग्रिम धनराशि आवंटित करने का आश्वासन दिया, जिससे घेराबंदी कार्य व्यापक स्तर पर शुरू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने पीएम-आरकेवीवाई योजना के अंतर्गत स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे क्लीन अभियान हेतु वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत 98 करोड़ रुपये शीघ्र जारी करने का भी आग्रह किया। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लिया जाएगा तथा केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। इस अवसर पर सांसद महेन्द्र भट्ट, कृषि एवं किसान कल्याण सचिव देवेश चतुर्वेदी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय, उत्तराखण्ड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में कैसे जुड़ा नाम?

## सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी



नई दिल्ली , बिना भारतीय नागरिकता हासिल किए मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से जुड़े मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। यह नोटिस वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर रिवीजन पिटीशन पर जारी किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 6 जनवरी, 2026 को होगी। वकील विकास त्रिपाठी का कहना है कि सोनिया गांधी का नाम 1980 की नई दिल्ली की वोटर लिस्ट में शामिल था, जबकि उन्होंने 30 अप्रैल 1983 को भारत की नागरिकता हासिल की। इसी आरोप के आधार पर मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच कराने की मांग की गई थी, लेकिन सितंबर 2025 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट के इसी आदेश को चुनौती देते हुए त्रिपाठी ने रिवीजन पिटीशन दाखिल की, जिस पर अब राऊज एवेन्यू कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। दाखिल याचिका में कहा गया है कि 1980 की वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का नाम कैसे शामिल हुआ, जबकि तब तक उन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की थी। याचिका में यह भी पूछा गया है कि 1982 में उनका नाम वोटर लिस्ट से हटाया गया था, तो आखिर किन कारणों से यह कार्रवाई हुई? याचिका में यह भी कहा गया कि यदि 1983 में ही नागरिकता मिली, तो 1980 में नाम शामिल कराने के लिए किन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया? क्या उस समय फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराया गया? राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया है कि वे आरोपों पर विस्तृत जवाब दाखिल करें। बता दें कि इससे पहले, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सितंबर 2025 में दायर उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कराने की मांग की गई थी। बाद में, इसी आदेश को चुनौती देते हुए रिवीजन पिटीशन दाखिल की गई, जिस पर कोर्ट ने अब जवाब मांगा है।

### विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी वीजा देकर तीन लाख ठगे

रुद्रपुर। विदेश में नौकरी दिलाने के लिए फर्जी वीजा व हवाई टिकट देकर तीन लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित अब मुकदमा दर्ज करने के लिए भटक रहा है। पंडरी निवासी सुरेंद्र गुप्ता पुत्र रोशन लाल गुप्ता ने बताया कि 22 जुलाई को मोहाली, पंजाब स्थित एक इमीग्रेशन कार्यालय से फोन पर उसे विदेश में नौकरी दिलाने की बात हुई। 6 अगस्त को वह कार्यालय गया। कर्मचारियों ने उसे 35 दिन के भीतर वीजा लगवाने की बात की। साथ ही, कर्मचारियों ने उसे 5.7 लाख रुपये का खर्चा बताया। यह भी बताया कि वीजा अप्रूवल होने के बाद ही रुपये लिए जाएंगे। 8 सितंबर को वहां के एक कर्मचारी ने वीजा अप्रूवल होने की जानकारी दी। इस पर अगले दिन सुरेंद्र ने बैंक खाते से इमीग्रेशन कार्यालय को कुल 3 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। तीन लाख का भुगतान करने के बाद इमीग्रेशन कार्यालय से कोई सूचना नहीं आई तो सुरेंद्र को शक हुआ। इस पर उसने न्यूजीलैंड दूतावास में फोन कर वीजा कंफर्म होने की पता किया।

## इंडिगो पर डीजीसीए का बड़ा एक्शन, रोजाना 110 फ्लाइट्स होंगी कम

### सरकार ने दी जेल भेजने की चेतावनी

नई दिल्ली ,भारतीय विमानन क्षेत्र में पिछले एक हफ्ते से जारी उथल–पुथल के बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइंस पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। 2 दिसंबर से शुरू हुए फ्लाइट कैंसिलेशन के संकट और यात्रियों के बढ़ते गुस्से को देखते हुए नियामक ने इंडिगो को अपने फ्लाइट शेड्यूल में तत्काल प्रभाव से 5 प्रतिशत की कटौती करने का कड़ा आदेश दिया है।

इस आदेश का सीधा मतलब है कि इंडिगो की रोजाना उड़ान भरने वाली करीब 110 फ्लाइट्स अब रद्द रहेंगी या उनके स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को दिए जाएंगे, ताकि हवाई अड्डों पर फंसी भीड़ को राहत मिल सके।

अपनी कार्रवाई का आधार इंडिगो की अव्यवस्था को बनाया है। नियामक का मानना है कि एयरलाइन पिछले कई दिनों से नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट




(स्न्रष्ठञ्जरु) नियमों और क्रू की भारी कमी के चलते परिचालन सुचारू रखने में विफल रही है। इसके चलते एयरपोर्ट्स पर अफरातफरी का माहौल है और लाखों यात्री परेशान हो रहे हैं। छ्वत्रष्ट्र ने एयरलाइन प्रबंधन को दो टूक कहा है कि जब तक उनके पास पर्याप्त क्रू और स्थिर ऑपरेशन का प्लान नहीं होता, तब तक वे कम क्षमता के साथ ही उड़ान भरें। सूत्रों के मुताबिक, कटौती की जाने वाली उड़ानों की सूची तैयार की जा रही है और इंडिगो के खाली हुए स्लॉट एयर इंडिया, अकासा एयर और स्पाइसजेट जैसी कंपनियों को अलॉट किए जा सकते हैं।

संकट की इस घड़ी में यात्रियों को लूट से बचाने के लिए छ्वत्रष्ट्र ने हवाई किराए पर भी लगाम लगा दी है। नियामक ने स्पष्ट किया है कि 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए अधिकतम किराया 7,500 रुपये और 1,000 से 1,500 किलोमीटर की दूरी के लिए अधिकतम 15,000 रुपये से ज्यादा नहीं वसूला जा सकेगा। साथ ही यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एयर इंडिया ने घरेलू रूट्स पर बड़े विमान (वाइड–बॉडी प्लेन) उतारने शुरू कर दिए हैं। वहीं, इंडिगो ने अपनी सफाई में तकनीकी खामियों, खराब मौसम और नए नियमों का हवाला देते हुए विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए समय मांगा है, लेकिन छ्वत्रष्ट्र ने एयरलाइन के रोस्टर और मैनपावर की जांच के लिए चार सदस्यों की एक विशेष टीम गठित कर दी है। संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस मामले की गूंज सुनाई दे रही है।

## लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा : मनीष तिवारी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और एसआईआर पर उठाए सवाल



नई दिल्ली ,संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा हो रही है। चर्चा में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण (एसआईआर) से लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता से लेकर राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे तक पर बात हो रही है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत की है। चर्चा की शुरुआत से पहले स्पीकर ओम बिरला ने इसे संवेदनशील चर्चा बताते हुए सभी सदस्यों से आरोप–प्रत्यारोप से बचकर चुनाव सुधार पर केंद्रित रहने के लिए निवेदन किया। मनीष तिवारी ने चर्चा की शुरुआत में कहा कि लोकतंत्र में मतदाता और राजनीतिक दल सबसे बड़े भागीदार हैं। चुनाव के लिए एक न्यूट्रल अंपायर की जरूरत महसूस हुई, इसी को देखते हुए चुनाव आयोग का गठन किया गया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि राजीव गांधी की सरकार ने देश में सबसे बड़ा चुनाव सुधार का काम किया था। उन्होंने 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को वोटिंग का अधिकार दिया था। लेकिन आज, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि चुनाव सुधार की जो सबसे पहली जरूरत है, वह 2023 में बने कानून में सुधार की है। तिवारी ने मांग की कि इसमें दो और सदस्यों को जोड़ा जाना चाहिए। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की कमेटी में सरकार और विपक्ष के दो–दो लोग रहने चाहिए। इसके अलावा, एक सीजेआई को रखना चाहिए। एसआईआर का जिक्र करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि कई प्रदेशों में एसआईआर हो रहा है। आयोग के पास कानूनी तौर पर एसआईआर कराने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव आयोग का कहना है कि सेक्शन 21 से उन्हें एसआईआर कराने का अधिकार मिलता है। हालांकि, मनीष तिवारी ने पूरा सेक्शन पढ़ा और कहा कि ना तो संविधान में और ना ही कानून में एसआईआर का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बन एक हथियार के रूप में एसआईआर दिया गया। अगर किसी वोटर लिस्ट में कोई गड़बड़ी है, तो उसे ठीक करने के लिए लिखित कारण बताकर ही एसआईआर किया जा सकता है। उन्होंने मांग की कि सरकार को यह बात सदन के पटल पर रखनी चाहिए कि कौन से निर्वाचन क्षेत्र में कौन सी खामियां थीं और क्यों एसआईआर की जरूरत पड़ी।

### खजुराहो में फूड प्वाइजनिंग से 9 की तबीयत बिगड़ी, 3 की मौत

छतरपुर , मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो में एक रिसॉर्ट में खाना खाने से नौ कर्मचारियों की हालत बिगड़ गई। इन सभी को जिला चिकित्सालय से उपचार के लिए झांसी–ग्वालियर रेफर किया गया है। इनमें से तीन की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार खजुराहो स्थित एक रिसॉर्ट में काम करने वाले कर्मचारियों ने आम दिनों की तरह सोमवार को भोजन किया और इसमें उन्होंने आलू गोभी की सब्जी खाई। कुछ ही देर में खाना खाने के बाद नौ कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ने लगी, चक्कर आए और उल्टियां भी हुईं। रात होते–होते उनकी हालत गंभीर हुई तो सभी को जिला चिकित्सालय छतरपुर ले जाया गया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों के अनुसार मरीजों को अस्पताल लाया गया था, मगर उनकी हालत लगातार बिगड़ रही थी। परिणामस्वरूप सभी 9 मरीजों को उनकी हालत को देखते हुए झांसी व ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, खाना खाने से बीमार हुए गौतम होटल खजुराहो के 3 कर्मचारियों की दु:खद मृत्यु होने पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने तत्काल रूप से सम्बंधित के परिजन को रेडक्रॉस सोसायटी से 20–20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की।

### यूपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## मुठभेड़ में मार गिराया इनामी डकैत, 23 से ज्यादा केस थे दर्ज



शामली ,उत्तर प्रदेश के शामली जिले में हुई पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार रुपए का इनामी डकैत समयदीन उर्फ सामा को मार गिराया गया। समयदीन मूल रूप से कांधला कस्बे का रहने वाला था, लेकिन लंबे समय से कर्नाटक के तुमकुर में छिपकर रह रहा था। उस पर उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में 23 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। समयदीन अक्टूबर में कांधला में मारे गए एक लाख के इनामी नफीस का साथी रह चुका था। नफीस के एनकाउंटर के बाद सामा पंजाब भाग गया था और वहां से लगातार पुलिस की पकड़ से बचता रहा। पुलिस को सूचना मिली कि थानाभवन थाना क्षेत्र के भेसानी के जंगलों में स्थित एक भट्टे पर समयदीन अपने साथियों के साथ डकैती की योजना बना रहा है। मौके पर टीम ने घेराबंदी की, लेकिन जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में समयदीन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाबरी थाना प्रभारी राहुल सिसोदिया की जैकेट पर भी गोली लगी, लेकिन वह सुरक्षित हैं।

## बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम दा कहने पर पीएम मोदी पर भड़की सीएम ममता

### प्रधानमंत्री पर लगाया बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के अपमान का आरोप



कोलकाता , हमेशा केन्द्र पर हमलावर रहने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पीएम पर भड़क गईं है। सीएम ममता ने पीएम पर बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के अपमान का आरोप लगाया है। सीएम ने पीएम के बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग की। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया है। संसद में वंदे मातरम् पर चर्चा के बीच कूच बिहार में आज आयोजित एसआईआर विरोधी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि मोदी सरकार ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को वो इज्जत नहीं दी जो उन्हें मिलनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब देश को आजादी मिली थी तब पीएम मोदी पैदा भी नहीं हुए थे और फिर भी उन्होंने बंगाल के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक को ऐसे संबोधित किया जो कि अपमान जनक है। ममता ने आरोप लगाया कि पीएम ने उन्हें वह न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया जिसके वे हकदार हैं। बहरहाल वंदे मातरम के 150 वर्ष के मौके पर संसद में विशेष बहस के बाद राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के परिजन भी खुलकर अपनी भावनाएं जाहिर किया। भारतीय स्वाधीनता के महान नायक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के परपोते सजल पीएम मोदी की तारीफ करते हुए अपने परदादा के प्रति कांग्रेस, पश्चिम बंगाल सरकार और जवाहर लाल नेहरू की उदासीनता उजागर की है।

### तीन माह से युवती लापता, अपहरण का केस दर्ज

विकासनगर। सहसपुर कोतवाली क्षेत्र में काम के लिए कंपनी गई युवती तीन माह से लापता है। परिजनों के काफी खोजबीन के बाद भी युवती का पता नहीं चला। युवती के लापता होने के कारण पुलिस ने गुमदशुदगी को अपहरण में तब्दील कर दिया है। पुलिस युवती की खोजबीन में जुटी है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया कि वह 12 सितंबर को सुबह कंपनी में काम करने के लिए निकली थी, लेकिन इसके बाद वापस नहीं आई। उसकी काफी जगह तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। बताया कि तीन माह से युवती लापता है। जिसके बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट को अपहरण में तरमीम कर दिया गया है।

## आम आदमी की जिंदगी आसान बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता : किरेन रिजिजू



नई दिल्ली , दिल्ली में मंगलवार सुबह हुई एनडीए संसदीय दल की बैठक कई मायनों में खास रही। बैठक खत्म होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि बिहार के नेताओं ने विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के लिए विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। इस दौरान बिहार के नेताओं ने पीएम मोदी को आश्वस्त किया कि वे राज्य के विकास के लिए पूरी मेहनत से काम करेंगे। रिजिजू ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ने सभी एनडीए सांसदों को अपने–अपने क्षेत्र में और अधिक प्रभावी तरीके से काम करने के निर्देश दिए। पीएम मोदी ने कहा कि देश के आम नागरिक की जिंदगी आसान बनाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसके लिए हर क्षेत्र में निरंतर सुधारजरूरी है। किरेन रिजिजू ने कहा कि पीएम मोदी ने यह भी बताया कि किसी भी नागरिक को सरकारी प्रक्रिया के कारण अनावश्यक तकलीफ नहीं होनी चाहिए। कानून जनता के लिए सुविधा का माध्यम होना चाहिए, बोझ नहीं। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे सभी नियम और कानून, जो बिना कारण आम लोगों को परेशान करते हैं, उनकी समीक्षा की जाए। बैठक में युवाओं को जोड़ने और प्रेरित करने पर जोर दिया गया। रिजिजू ने बताया कि खेल–कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवा ऊर्जा को दिशा देने का सुझाव दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है और उन्हें अधिक अवसर देने की आवश्यकता है।

रिजिजू के अनुसार, पीएम मोदी ने सभी एनडीए सहयोगियों से कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब हमें हर काम पहले से तीन गुना तेजी से पूरा करना होगा।

## सम्पादकीय

# बयान से फंसे हरक

एक तरफ कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी जमीन तैयार करने की पुरजोर कोशिश में है तो वहीं पार्टी के कुछ नेता कुछ ना कुछ ऐसा बोल ही देते हैं जो भाजपा को इंजन जैसा स्टार्ट दे देता है। इन दिनों पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत भी अपने बयानों से काफी सुर्खियों में है और आए दिन उनके नए–नए बयान भाजपा नेताओं को लेकर वायरल हो रहे हैं। इनमें कहीं वह किसी पूर्व मुख्यमंत्री की शैक्षिक योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं तो कहीं वह पुराने नेताओं की पत्नियों द्वारा उनके लिए स्टोव पर खाना बनाने की बात कहते नजर आ रहे हैं। उनके बयान खासे दिलचस्प भी साबित हो रहे थे लेकिन इस बार सिख धर्म को लेकर वह कुछ ऐसा बोल गए जो माफी मांगने के बाद भी मुद्दा नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। देहरादून में वकीलों के चैंबर निर्माण को लेकर चल रहे वकीलों के आंदोलन के दौरान हुए धरना स्थल पर पहुंचे और अपनी लहर में कुछ ऐसे बह गए जिसमें उन्होंने एक सिख अधिवक्ता को संबोधित करते हुए "बारह" बजे शब्द का प्रयोग कर डाला। अति उत्साह में आने के बावजूद बोले गए अपने बयान को वह जल्द ही भांप गए और तत्काल माफी भी मांगी लेकिन बस यहीं से भाजपा को एक ऐसा मुद्दा मिल गया जिसे भुनाने में अब प्रदेश भाजपा कोई मौका चूकना नहीं चाहती। इधर अपनी गलती का पश्चाताप करने के लिए हरक सिंह रावत गुरुद्वारा भी हो आए लेकिन लगता है कि हरक सिंह का यह बयान अब राजनीति का केंद्र बिंदु बनने जा रहा है। कई बार माफी मांगने के बाद भी मामला थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है या फिर यह कहें कि राजनीति के कुरुक्षेत्र में विपक्ष को दबाने के लिए इस मुद्दे को भाजपा हल्का नहीं होने देना चाहती। सड़क से लेकर हरक सिंह के घर तक सिखों का विरोध जारी है लेकिन अब तो निगाहें सीधा भविष्य पर होगी की क्या बीजेपी हरक सिंह रावत के इस बयान पर राजनीतिक गोटिया खेल पाएगी या फिर हरक सिंह रावत कुछ दिन बाद पुनः अपने पुराने अंदाज में ही चलते हुए नजर आएंगे!

# कांग्रेस की समस्या और बढ़ेगी

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। यह उसकी एक बड़ी समस्या है। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है। कांग्रेस के आलाकमान के कमजोर होने की जो धारणा बनी है और सही धारणा बनी है, उसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत रही है। 2014 से पहले जब तक कांग्रेस चुनाव जीत रही थी, केंद्र में उसकी सरकार थी और एक दर्जन राज्यों में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकार थी, तब तक जैसे भी थे राहुल गांधी बहुत मजबूत थे। वे अपने हिसाब से फैसले करते थे और किसी को भी नेता, मंत्री बना देने में सक्षम थे। लेकिन जब से चुनाव हारने का सिलसिला शुरू हुआ तब से उनकी शक्ति का ह्रास होता गया है और अब ऐसी स्थिति आ गई है कि पार्टी के क्षत्रप अपनी मनमानी कर रहे हैं। हालांकि इसमें कोई नई बात नहीं है। जब पार्टी के सवोच्च नेता का करिश्मा चूक जाए और वह चुनाव नहीं जीता सके तो उसकी ताकत कम होती ही है। भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी के साथ भी ऐसा ही हुआ था।

लेकिन कांग्रेस की एकमात्र समस्या यह नहीं है कि चुनाव नहीं जिता पाने की वजह से कांग्रेस आलाकमान कमजोर हुआ है। यह उसकी कई समस्याओं में से एक समस्या है। ध्यान रहे भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादियों पार्टियों का लंबे समय तक चुनाव हारने का इतिहास रहा है। लेकिन उनके नेतृत्व को लेकर कभी उस तरह से सवाल नहीं उठे, जैसे कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व यानी राहुल गांधी को लेकर उठ रहे हैं। चुनाव हारने वाली पार्टियों के भविष्य पर वैसी चिंता भी नहीं हुई, जैसी कांग्रेस को लेकर हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस में राजनीति करने वाले लोगों की कमी हो गई है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने या अखिलेश यादव से लेकर ममता बनर्जी जैसे प्रादेशिक क्षत्रपों ने राजनीति को 24 घंटे का काम बनाया है। राहुल गांधी और उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस यह काम नहीं कर पा रही है।

कह सकते हैं कि कांग्रेस की तमाम समस्याओं के मूल में यह कारण है कि उसके यहां राजनीति करने वाले लोग कम हो गए हैं। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपने आसपास बड़ी संख्या में अराजनीतिक लोगों को इक्ा कर लिया है। उनके सलाहकार, जिसे कोटरी कहते हैं, उसके सदस्य हों या उनकी ओर से राज्यों में नियुक्त किए गए नेता हों, उनमें बड़ी संख्या अराजनीतिक लोगों की है, जिनके साथ कांग्रेस के पुराने राजनीति करने वाले नेता तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। बिहार में प्रभारी महासचिव कृष्णा अल्लावरू के साथ यही हुआ तो झारखंड के प्रभारी के राजू और तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के साथ भी यही हो रहा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के साथ यही समस्या है तो बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ भी यही समस्या है। हिमाचल प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के साथ यही समस्या आने वाली है। सोचें, सोनिया गांधी के साथ अहमद पटेल, दिग्विजय सिंह, जनार्दन द्विवेदी, मोतीलाल वोरा, एके एंटनी जैसे राजनीति करने वाले लोग थे तो राहुल गांधी के साथ सचिन राव, अलंकार सवाई, मनोज त्यागी, कौशल विद्यार्थी, कृष्णा अल्लावरू, मीनाक्षी नटराजन, हर्षवर्धन सपकाल जैसे निजी सहयोगी या सलाहकार हैं! एक तरफ ऐसे अराजनीतिक लोग हैं तो दूसरी ओर हाइपर एक्टिव डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सचिन पायलट, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, रेवंत रेड्डी जैसे नेता हैं। इनका राहुल की टीम के साथ कैसे तालमेल बनेगा?

राहुल गांधी ने अपनी इनर टीम की पुरानी सदस्य मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का प्रभारी बना कर भेजा है। उनके जाने पर कांग्रेस के नेता पहले तो बड़े खुश हुए लेकिन अब सब परेशान हैं। वे तेलंगाना में पदयात्रा कर रही हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उनका काम रणनीति बनाने का होना चाहिए, राजनीति करने का नहीं। यह सही है कि वे गांधीवादी तरीके से काम कर रही हैं लेकिन इससे व्यावहारिक राजनीति प्रभावित हो रही है। जुबली हिल्स विधानसभा का उपचुनाव लड़ना था तो कांग्रेस ने जितनी तिकड़म की उससे नटराजन खुश नहीं थीं। सबको पता है कि दक्षिण के सभी राज्यों की राजनीति पैसे के दम पर चलती है। लेकिन मीनाक्षी नटराजन को प्रदेश कांग्रेस का बेहिसाब पैसा बहाना या अजहरूद्दीन को विधान परिषद में भेज कर मंत्री बनाना पसंद नहीं आया।

इसी तरह बिहार में कृष्णा अल्लावरू कांग्रेस के वेतनभोगी कर्मचारी की तरह राजनीति करते रहे हैं। वे विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार पहुंचे थे। ऐसे में उन्होंने कांग्रेस के तमाम पुराने नेताओं को साथ लेकर चुनावी राजनीति करनी थी तो उन्होंने उलटे पुराने नेताओं को न सिर्फ हाशिए में डाला, बल्कि उन सबको नाराज कर दिया। उसके बाद भी अगर वे बेहतर गठबंधन और सीट

**कांग्रेस की तमाम समस्याओं के मूल में यह कारण है कि उसके यहां राजनीति करने वाले लोग कम हो गए हैं। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपने आसपास बड़ी संख्या में अराजनीतिक लोगों को इक्ा कर लिया है। उनके सलाहकार, जिसे कोटरी कहते हैं, उसके सदस्य हों या उनकी ओर से राज्यों में नियुक्त किए गए नेता हों, उनमें बड़ी संख्या अराजनीतिक लोगों की है, जिनके साथ कांग्रेस के पुराने राजनीति करने वाले नेता तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। बिहार में प्रभारी महासचिव कृष्णा अल्लावरू के साथ यही हुआ तो झारखंड के प्रभारी के राजू और तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के साथ भी यही हो रहा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के साथ यही समस्या है तो बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ भी यही समस्या है। हिमाचल प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के साथ यही समस्या आने वाली है।**



बंटवारा करा पाते तो मान लिया जाता कि वे अच्छे रणनीतिकार हैं। लेकिन गठबंधन और सीट बंटवारे दोनों में उन्होंने कांग्रेस का भ्ा बैठा दिया।

एक समय था कि सोनिया गांधी के नजदीकी नेताओं और सलाहकारों की टीम के प्रति देश भर के कांग्रेस नेताओं के मन में सम्मान होता था। वे उनसे डरते भी थे। लेकिन अब राहुल गांधी की टीम मजाक का विषय है। उनकी एक 'जय जगतइ टीम की चर्चा होती है, जिसके नेता सचिन राव बताए जाते हैं। इस टीम के नेता जाति, धर्म, धनबल, बाहुबल आदि से ऊपर उठ कर राजनीति करने के समर्थक बताए जाते हैं। अच्छी बात है। महात्मा गांधी साध्य की तरह साधन को भी पवित्र मानते थे। लेकिन क्या आज की राजनीति में ऐसा करना संभव और व्यावहारिक है? यह भी सवाल है कि राहुल गांधी जब 20 साल तक पुराने ढंग की राजनीति कर चुके तो अब गांधी मार्ग अपना कर क्या वे कांग्रेस का भला कर पाएंगे?

बहरहाल, कांग्रेस के सामने भाजपा के साथ साथ 24 घंटे राजनीति करने वाले प्रादेशिक क्षत्रपों की भी चुनौती है। उनसे निपटने के लिए राहुल गांधी नए और अराजनीतिक लोगों की टीम बना रहे हैं। कह सकते हैं कि कई बार खास किस्म की राजनीति से उब जाने के बाद लोग दूसरा विकल्प पसंद करते हैं। लेकिन भारत में अभी वैसी राजनीति का समय नहीं आया है। दूसरी बात यह है कि धीरे धीरे कांग्रेस पार्टी में ऐसे नेताओं की कमी होती जा रही है, जो अखिल भारतीय राजनीति समझते हैं या देश के हर राज्य में एक राजनीतिक असर रखते हैं। उनकी जगह लेने के लिए दूसरी कतार के नेता जल्दी सामने नहीं आते हैं तो कांग्रेस की समस्या और बढ़ेगी।

## आय की गणना और खर्च की गणना

जीडीपी वृद्धि दर को जितनी मोटी सुर्खियों में दिखाया जाता है, उतने ही ध्यानाकर्षक ढंग से यह नहीं बताया जाता कि यह दर किस आधार पर हासिल हुई और कुल (नोमिनल) और वास्तविक वृद्धि दर में कितना फर्क है।

जुलाई से सितंबर तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने एक तरह का कौतुक पैदा किया है। जिस समय डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत गिरने के बावजूद व्यापार घाटा बढ़ने का ट्रेंड हो, 8.2 फीसदी की वृद्धि दर हासिल करना अपने–आप में करिश्माई है। वैसे जीडीपी वृद्धि दर को जितनी मोटी सुर्खियों में दिखाया जाता है, उतने ही ध्यानाकर्षक ढंग से यह नहीं बताया जाता कि यह दर किस आधार पर हासिल हुई और कुल (नोमिनल) और वास्तविक वृद्धि दर में कितना फर्क है। 2024–25 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात तिमाहियों में सबसे निम्न स्तर पर रही थी। स्पष्टतः उस निम्न आधार के कारण ताजा दर काफी ऊंची नजर आती है।

इस बार नोमिनल जीडीपी 8.07 प्रतिशत दर्ज हुई। सरकार ने इससे 0.5 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर को घटाया, इसलिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 8.2 फीसदी बताई गई है। मगर दूसरी तिमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर 1.9 प्रतिशत थी। पहले के चलन के तहत अगर नोमिनल दर को इससे डिफ्लेट किया जाता (यानी इसे घटाया जाता), तो जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत नजर आती। बहरहाल, ये सब आंकड़ों की बातें हैं। उन्हीं आंकड़ों का, जिन्हें जुटाने की विधि, आधार वर्ष, और अन्य खामियों को कारण बताते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सी ग्रेड में डाल दिया है। आईएमएफ के मुताबिक भारत के राष्ट्रीय खाता की संख्याओं में ऐसी खामियां हैं, जिनकी वजह से अर्थव्यवस्था के वास्तविक प्रदर्शन की निगरानी बाधित हो जाती है। उसने ध्यान दिलाया है कि भारत के संदर्भ में जीडीपी को मापने के दोनों तरीकों– आय की गणना और खर्च की गणना– से आने वाली संख्या में ठोस फर्क आ जाता है। भारत में जीडीपी सरकार, जनता और कंपनियों की आय के आधार पर मापी जाती है। आदर्श स्थिति वह होती है कि जब उनके खर्च को आधार बनाया जाए, तब भी संख्या कमोबेस समान रहे। मगर भारत में ऐसा नहीं हो रहा है। इससे जीडीपी आंकड़ा समस्याग्रस्त हो जाता है। यह गंभीर टिप्पणी है। इसका परिणाम होगा कि भारत की ऊंची वृद्धि दर को अनेक हलकों में संदेश की निगाह से देखा जाएगा।

# सी ग्रेड दूसरी सबसे खराब रेटिंग

**हरिशंकर व्यास**

**भारत के आंकड़ों की गुणवत्ता और उनकी विश्वसनीयता या तो दोयम दर्जे की है या तीसरे दर्जे की है। आईएमएफ ने भारत की आर्थिक गणना का बेस ईयर 2011–12 होने पर भी सवाल उठाया है और इसे आउटडेटेड कहा है। इसके अलावा कई और कमियां रिपोर्ट में बताई गई हैं। जाहिर है पूरी दुनिया में इस रिपोर्ट को देखा होगा। पहले से भारत के आंकड़े पर जो संदेह किया जाता है उसकी पुष्टि इससे होती है।**

यह भी दुनिया देख रही है। अब तक दुनिया की संस्थाएं भारत के आंकड़ों पर संदेह जताती थीं। विकास के आंकड़ों से लेकर गरीबी, प्रदूषण, शौचालय आदि के तमाम आंकड़े संदेह के घेरे में थे। कहा जा रहा था कि भारत आंकड़ों में गड़बड़ी करता है। लेकिन अब तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने भारत के आंकड़ों को 'सीइ ग्रेड ही दे दिया है। यह दूसरी सबसे खराब रेटिंग होती है। आईएमएफ ने नेशनल अकाउंट्स स्टैटिस्टिक्स को 'सीइ ग्रेड दिया है, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी और ग्रॉस वैल्यू एडेड यानी जीवीए शामिल है।

सोचें, ये दोनों सबसे अहम आंकड़े होते हैं। इनको लेकर आईएमएफ ने कहा है कि 'सीइ ग्रेड का मतलब है कि इन आंकड़ों में कुछ 'शॉर्टकमिंगइ यानी कमी है, जिससे निगरानी की व्यवस्था प्रभावित होती है। आईएमएफ ने यह रेटिंग गुरुवार को जारी की और उसके एक दिन बाद ही भारत सरकार ने दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के आंकड़े जारी किए।

बहरहाल, भारत के सालान इकोनॉमिक फ्रेमवर्क को लेकर आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट जारी की है, जिसमें नेशनल अकाउंट्स डाटा को 'सीइ ग्रेड दिया गया है। वैसे ओवरऑल डाटा कैटेगरी को 'बइ ग्रेड मिला है। यानी भारत के आंकड़ों की गुणवत्ता और उनकी विश्वसनीयता या तो दोयम दर्जे की है या तीसरे दर्जे की है। आईएमएफ ने भारत की आर्थिक गणना का बेस ईयर 2011–12 होने पर भी सवाल उठाया है और इसे आउटडेटेड कहा है। इसके अलावा कई और कमियां रिपोर्ट में बताई गई हैं। जाहिर है पूरी दुनिया में इस रिपोर्ट को देखा होगा। पहले से भारत के आंकड़े पर जो संदेह किया जाता है उसकी पुष्टि इससे होती है। इससे भारत का वैश्विक व्यापारिक संबंध प्रभावित होगा और विकास को लेकर किए जा रहे दावे भी प्रभावित होंगे।

ध्यान रहे भारत इस समय दुनिया के कई देशों के साथ व्यापार संधि करने के दौर में है। कई देशों के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। अमेरिका के साथ व्यापार संधि की वार्ता चल रही है लेकिन बार बार इस पर ग्रहण लग रहा है। संभवतः इसी वजह से आईएमएफ ने यह भी कहा है कि अमेरिका की ओर से भारत के ऊपर लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ स्थायी रूप से रहेगा। हालांकि भारत ने इसका विरोध किया है। लेकिन मुंहजबानी विरोध का कोई अर्थ नहीं है। अमेरिका के साथ तो व्यापार संधि नहीं ही हो रही है यूरोपीय संघ के साथ भी व्यापार संधि की वार्ता किसी मंजिल तक नहीं पहुंच रही है।

हालांकि भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ यानी ईएफटीए के साथ एक संधि की है। परंतु वह व्यापार व आर्थिक साझीदारी का समझौता यानी टीईपीए है। यूरोपीय संघ के साथ भारत की मुक्त व्यापार संधि यानी एफटीए की वार्ता काफी समय से चल रही है। सोचें, जब से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वॉर शुरू किया है तब से दुनिया के अनेक देशों ने व्यापार संधि कर ली है। चीन की भी व्यापार संधि अमेरिका के साथ हो गई है। लेकिन भारत की संधि न तो अमेरिका से हो रही है और यूरोपीय संघ के साथ हो रही है।

## सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा

भारतीय सेना ने सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा अपने धर्मनिरपेक्ष चरित्र के अनुरूप स्थापित की है। अपेक्षित है कि ऐसे सिद्धांतों पर दृढ़ता से अमल किया जाए– चाहे मामला किसी भी धर्मावंबी से जुड़ा हुआ हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह उचित व्याख्या की है कि कोई सैनिक भारतीय सेना के सामूहिक आचार–धर्म के ऊपर धर्म की अपनी निजी व्याख्या को तरजीह नहीं दे सकता। इस तरह न्यायालय ने उपरोक्त सैनिक के खिलाफ सेना प्रशासन की कार्रवाई को सही ठहराया। इस सैनिक ने अपने रेजीमेंट के सर्व धर्म स्थल पर जाकर प्रार्थना करने से इनकार कर दिया था। इस रुख पर कायम रहने के कारण सेना से उसे बर्खास्त कर दिया गया, जिस निर्णय को उसने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उसकी तरफ से दलील दी गई कि ईसाई धर्म एक ईश्वर की धारणा में आस्था में रखता है, इसलिए जहां विभिन्न महजबों के धर्मों के पूजा स्थल हों, किसी ईसाई को वहां प्रार्थना करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने इस दलील को ठुकरा दिया। कहा कि इस सैनिक ने सेना के अनुशासन, समरसता और अपने साथियों के लिए सम्मान की भावना के ऊपर 'धार्मिक अहंकारइ् को प्राथमिकता दी। स्पष्टतः किसी बहु–धर्मीय समाज में ऐसे रुख के साथ समन्वय नहीं बनाया जा सकता। भारतीय सेना ने सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा अपने धर्मनिरपेक्ष चरित्र के अनुरूप स्थापित की है। जो भी भारतीय सेना में भर्ती होता है, उसे इस व्यवहार संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए। अपेक्षित है कि ऐसे सिद्धांतों पर ना सिर्फ जोर दिया जाए, बल्कि उस पर दृढ़ता से अमल भी किया जाए– चाहे मामला किसी भी धर्मावंबी से जुड़ा हुआ हो। असल में इस सिद्धांत पर अमल की आवश्यकता सिर्फ सेना में ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े हर क्षेत्र में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल के दशकों में भारत में ऐसे उदात्त सिद्धांतों को कई हलकों से चुनौती दी गई है, जिससे समाज में सद्भाव का माहौल बिगड़ा है। इससे सेना जैसी संस्थाओं को अप्रभावित रखने की चुनौती आज और बढ़ी हुई महसूस होती है। उसके बीच सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक भावना के अनुरूप सर्व–धर्म सद्भाव के महत्त्व को रेखांकित करते हुए प्रशंसनीय निर्णय दिया है।

# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का ट्रेलर जारी



संजय मिश्रा और महिमा चौधरी स्टारर कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी् का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। अब तक फिल्म के पोस्टर ही सामने आए थे, जिनको देखने के बाद फैंस इस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब फाइनली फिल्म का ट्रेलर सामने आया है। 2 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर की शुरुआत संजय मिश्रा से ही होती है। फिल्म में संजय मिश्रा के बेटे बने मुरली (व्योम यादव) की शादी की बात होती है। इसके बाद व्योम को महक (पलक लालवानी) मिलती है, जिससे वो शादी करना चाहता है। लेकिन उसके घर वाले कहते हैं कि जिस घर में कोई महिला नहीं होगी, उस घर में अपनी बेटी की शादी नहीं करेंगे। ऐसे में अब मुरली पिता दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी कराने की सोचता है। क्योंकि घर में पिता और पुत्र दो ही हैं। इसके बाद शुरू होती है दुर्लभ प्रसाद (संजय मिश्रा) के लिए दुल्हन ढूंढने की कोशिश। इसी दौरान ट्रेलर में बबीता (महिमा चौधरी) की एंट्री होती है।

जो शराब और सिगरेट पीने वाली एक बोल्ड लेडी बनी हुई हैं। फिर कैसे कहानी बढ़ती है और क्या ट्विस्ट आते हैं और अंत में क्या मुरली और दुर्लभ प्रसाद की शादी हो पाती है? ये सब फिल्म देखने के बाद पता चलेगा।सिद्धांत राज सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी और श्रीकांत वर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी आगामी 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## प्राइम वीडियो की ओरिजिनल सीरीज द पिरामिड स्कीम का ऐलान

प्राइम वीडियो ने अपनी ओरिजिनल सीरीज, द पिरामिड स्कीम का ऐलान किया है. द वायरल फीवर ने इसे प्रोड्यूस किया है. श्रेयांश पांडे इसके क्रिएटर हैं. आशीष शुक्ला और श्रेयांश पांडे ने इसे डायरेक्ट किया है. यह ड्रामा सीरीज महत्वाकांक्षा और उसके परिणामों पर एक मजेदार लेकिन सोचने पर मजबूर करने वाला नजरिया पेश करती है.द पिरामिड स्कीम एक बेचैन युवक गोल्डी की कहानी है, जिसकी मल्टी–लेवल मार्केटिंग बिजनेस के जरिए अमीर बनने की चाहत, परेशानी से भरे एक रोलरकोस्टर में बदल जाती है. इस तरह से यह न सिर्फ उसका भविष्य, बल्कि उसकी जॉइंट फैमिली का प्यार और विश्वास भी दांव पर लग जाता है.इस सीरीज में परमवीर चीमा, रणवीर शौरी, शेखर सुमन, अंजन श्रीवास्तव, स्मिता बंसल और अल्फिया जाफरी सहित कई कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं. 2026 में प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होने जा रही द पिरामिड स्कीम में हैं अचानक से आने वाले ट्विस्ट, हंसी के पल, दिल टूटने की भावनाएं और हसल कल्चर की असली झलक है, जो दिखाती है कि बड़े सपनों के पीछे लोग कितनी दूर तक जाते हैं और इस सफर में एक इंसान अपनी कौन सी दौलत खो सकता है.

# एक कैलेंडर वर्ष में 60+ की औसत से सर्वाधिक बार 500+ वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम इस साल का अपना आखिरी वनडे मैच खेल चुकी है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस साल भारत की ओर से वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 13 मैचों में 65.10 की औसत और 96.15 की स्ट्राइक रेट से 651 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 3 शतक भी अपने नाम किए। इस बीच एक कैलेंडर वर्ष में 60+ की औसत से सर्वाधिक बार 500+ वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।



कोहली ने 2025 से पहले 5 सालों में भी ऐसा कारनामा किया था। उन्होंने 2012 में 68.40 की औसत के साथ 1,026 रन बनाए थे। 2016 में कोहली ने 92.37 की औसत के साथ 739 रन बनाए थे। 2017 में उन्होंने 76.84 की औसत से 1,460 रन अपने नाम किए थे। 2018 में उनके बल्ले से 133.55 की औसत से 1,202 रन निकले थे। इसी तरह 2023 में उन्होंने 72.47 की औसत से 1,377 रन बनाए थे।

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 5 सालों में 60+ की औसत से 500+ वनडे रन बनाए थे। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2009 में 24 पारियों में 70.47 की औसत के साथ 1,198 रन बनाए थे। 2012 में उन्होंने 65.50 की औसत के साथ 524 रन बनाए थे। इसी तरह धोनी ने 2013 में 62.75 की औसत से 753 रन, 2017 में 60.61 की औसत से 788 रन और 2019 में 60.00 की औसत से 600 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी एबी डिविलियर्स भी इस सूची का हिस्सा हैं। उन्होंने 2010 में 16 पारियों में 80.33 की औसत से 964 रन बनाए थे, जिसमें 5 शतक शामिल थे। 2012 में इस पूर्व दिग्गज ने 107.50 की औसत से 12 पारियों में 645 रन बनाए थे। 2014 में इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 73.25 की औसत से 879 रन बनाए थे। 2015 में डिविलियर्स ने 79.53 की औसत से 1,193 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी माइकल बेवन मैच फिनिशर के रूप में सफल साबित हुए थे। वह भी इस सूची का हिस्सा हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर का बवंडर, दो दिनों में ही 60 करोड़ पार हुआ कलेक्शन

रणवीर सिंह और आदित्य धर ने धुरंधर के लिए एक साथ आए हैं. इस जोड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दी है. यह फिल्म एक स्पाई एक्शन थ्रिलर है और इसे आदित्य धर ने लिखा और डायरेक्ट किया है. धुरंधर विक्की कौशल की उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के छह साल बाद आदित्य की डायरेक्शन में वापसी है. इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक मानी जाने वाली धुरंधर ने दो दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है.रणवीर 2 साल के गैप के बाद धुरंधर के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की है. उन्हें पिछली बार 2023 में रिलीज हुई रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में देखा गया था, जिसके बाद उन्होंने सिंघम अगेन में कैमियो किया था. धुरंधर पाकिस्तान के कराची के लियारी इलाके में स्थानीय गैंग और क्राइम सिंडिकेट के साथ



भारत की इंटेलिजेंस एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग की असल जिंदगी की घटनाओं पर आधारित है.फिल्म ने अपनी शानदार कास्ट, कहानी और गानों से शहर में जबरदस्त चर्चा बटोरी है, जिसकी वजह से धुरंधर ने शानदार ओपनिंग की और रणवीर की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बनकर उभरी. सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर ने रिलीज के पहले दिन 27 करोड़ रुपये की कमाई की.

## ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, जोश हेजलवुड चोट के कारण एशेज सीरीज से हुए बाहर

नईदिल्ली,इंग्लैंड के खिलाफ जारी एशेज सीरीज के बीच ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अकिलीज की चोट के चलते पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। हेजलवुड पिछले महीने शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान से हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन से उबर रहे थे, लेकिन पिछले सप्ताह अकिलीज की चोट और बढ़ने के कारण वह अब पूरी सीरीज से ही बाहर हो गए हैं। अब उनकी टी–20 विश्व कप में वापसी की संभावना है।

ऑस्ट्रेलिया टीम के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने हेजलवुड के सीरीज से बाहर होने की पुष्टि करते हुए इसे टीम के लिए बड़ा झटका करार दिया है।

# मार्क वुड चोट के कारण बची हुई एशेज सीरीज से बाहर

नईदिल्ली,ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज 2025–26 के शुरुआती 2 टेस्ट को हार चुकी इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सामने सीरीज हारने का खतरा है। अब तीसरा मैच 17 दिसंबर से खेला जाना है। इस मुकाबले से पहले इंग्लिश क्रिकेट टीम के लिए बुरी खबर है। दरअसल, तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण बची हुई एशेज सीरीज से बाहर हो गए हैं। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। वुड की जगह मैथ्यू फिशर लेंगे, जो पहले से ही इंग्लैंड लायंस टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड से एकमात्र टेस्ट खेला हुआ है, जिसमें उन्होंने 1 ही विकेट लिया है। 28 वर्षीय फिशर ने अब तक 56 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें



28.16 की औसत के साथ 175 विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 6 पारियों में 5 विकेट हॉल भी लिए हैं।वुड बाएं घुटने की चोट की वजह से बाकी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। 35 साल के इस तेज गेंदबाज को पर्थ टेस्ट के दौरान यह दिक्कत हुई थी। उस मैच में वुड ने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की थी और उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला था। पर्थ टेस्ट से पहले वुड ने अपना पिछला टेस्ट अगस्त 2024 में खेला था, तब कोहनी की चोट के कारण बाकी मैचों से उन्हें बाहर होना पड़ा था।

## एक नजर

### संगठन का स्थापना दिवस आज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से दस दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान आमजन को उनके अधिकारों की भी जानकारी दी जाएगी। संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने बताया कि विश्व मानवाधिकार दिवस पर होने वाले स्थापना दिवस के दौरान लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट अरविंद वर्मा होंगे। इस दौरान उत्तराखंड का उपेक्षित शिल्पकार समाज और उसका साहित्य पुस्तक का भी विमोचन किया जाएगा।

### कुलदीप रावत बने समिति के अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मवाकोट में शंकर दत्त जोशी गेंद मेला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया। मेला समिति में कुलदीप रावत को अध्यक्ष व राजेंद्र सिंह को सचिव बनाया गया। इसके अलावा दीपक सिंह रावत को कोषाध्यक्ष, आरपी पंत को सहसचिव, कमल थापा को संयोजक का दायित्व दिया गया। सुभाष कोठारी, शेखर जोशी, शशिकांत जोशी को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई।

### रिफ्रेशन कोर्स 27 व 28 को

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन की ओर से दो दिवसीय रिफ्रेशन कोर्स 27 व 28 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जिन वाहन चालकों का लाइसेंस रिन्यू होना है, उन वाहन चालकों लिए रिफ्रेशन कोर्स करना जरूरी है। यूनियन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि रिफ्रेशन कोर्स के लिए दो-दिवसीय ट्रेनिंग जीएमटी भवन में आयोजित करवाई जाएगी। ट्रेनिंग सुबह दस बजे से एक बजे दोपहर तक आयोजित की जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान चालकों की निःशुल्क आंखों की जांच कर चश्मे वितरित किए जाएंगे। उन्होंने सभी वाहन चालकों से निर्धारित तिथि व समय पर ट्रेनिंग स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया।

### गोवा में आयोजित सरेन्डिपिटी कला उत्सव में आयोजित होगी रम्माण

चमोली : गोवा (पणजी) में आयोजित विश्व स्तरीय सरेन्डिपिटी कला उत्सव में प्रतिभाग करने हेतु विश्व सांस्कृतिक धरोहर रम्माण सलूड़-डुंग्रा ज्योतिर्मठ का 30 सदस्यीय कलाकारों का दल 11 दिसम्बर को गांव से रवाना होगा। रम्माण के संरक्षक डॉ. कुशल भण्डारी ने बताया कि गोवा (पणजी) में आयोजित विश्व स्तरीय सरेन्डिपिटी कला उत्सव में 14 दिसम्बर की रात उत्सव में विश्व सांस्कृतिक धरोहर रम्माण का मंचन होगा इस दौरान देश विदेश के हजारों पर्यटक, रंगकर्मी तथा साहित्यकार मौजूद होंगे। कहा कि रम्माण मंचन का मुख्य उद्देश्य पैनखण्डा क्षेत्र की पौराणिक संस्कृति से दुनिया को रूबरू कराना भी है, ताकि दुनिया के लोग हमारी पौराणिक संस्कृति से विज्ञ हो सके। मंचन से विश्व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में भी सहयोग प्राप्त होगा। (एजेंसी)

### तीन अवैध निर्माणों को सील किया

चमोली : प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा नगर क्षेत्र एवं स्कींइग केन्द्र औली में बिना प्रशासन की अनुमति के गुपचुप तरीके से किये जा रहे 30 निर्माणों के चिह्निकरण के बाद सिलिंग की कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रशासन की संयुक्त टीम ने तहसीलदार महेन्द्र आर्य के नेतृत्व में परसारी रोड में निर्माणाधीन एक और औली में दो अवैध निर्माणों को सील कर दिया है।

उपजिलाधिकारी चन्द्रशेखर बशिष्ट ने बताया कि ज्योतिर्मठ नगर में जनवरी 2023 को हुए भूंधसाव के बाद यहां पर हर प्रकार के निर्माण पर रोक लगा दी गई है। साथ ही औली में प्राधिकण लागू है ऐसे में औली और जोशीमठ दोनों ही स्थानों में बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के निर्माण नहीं हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व संयुक्त टीम ने लगभग 30 अवैध रूप से हो रहे निर्माणों का चिह्निकरण किया है, जिसके बाद इनकी सिलिंग की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

वहीं स्थानीय निवासी राकेश रंजन, कमल रतूड़ी, वैभव सकलानी कहते हैं कि जहां सिलिंग के नाम पर प्रशासन आम लोगों को डरा रहा है तो वहीं सेना और आईटीबीपी में धड़ल्ले से भारी निर्माण हो रहे हैं लेकिन प्रशासन उन्हें नहीं रोक रहा है प्रशासन का डंडा मात्र आम लोगों तक सिमित होकर रह गया है जो गलत है। (एजेंसी)

# लापरवाह बन रहे लोग, गदेरे व खाली प्लॉट में फेंक रहे गंदगी


कोटद्वार के मोटर नगर में सड़क किनारे फेंका गया कूड़ा

**● शहर में कुछ लोग खाली प्लाट व नदी नालों में डाल रहे गंदगी ● गंदगी के ढेर लगने से स्वच्छता अभियान पर लग रहा पलीता**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के प्रयास कर रहा है। लेकिन, कुछ लोग निगम के इस अभियान को पलीता लगा रहे हैं। हालत यह है कि घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए वाहनों के संचालन के बाद भी लोग खाली प्लाट व नदी-नालों में कूड़े का ढेर लगा रहे हैं। इससे जहां स्वच्छता पर ग्रहण लग रहा है वहीं, संक्रामक बीमारियों का भी खतरा भी बढ़ता जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण लिस्ट में कोटद्वार शहर बेहतर रेंक हासिल करे इसके लिए शहरवासियों का स्वच्छता के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के चालीस वार्डों में करीब 45 हजार भवन हैं। जिसमें करीब डेढ़ लाख की आबादी रहती है। प्रत्येक घर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए नगर निगम वाहनों का संचालन कर रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए घरों से माह में मात्र तीस रुपये वसूले जाते हैं। लेकिन, कई लोग तीस रुपये का भुगतान करने से बचने के लिए शहर की सूरत बिगाड़ रहे हैं। घरों से निकलने वाले कूड़े को रात के अंधेरे में खाली प्लाट व नदी नालों के किनारे फेंका जा रहा है। तीन किलोमीटर हिस्से में नगर क्षेत्र के बीच से गुजरने वाले पनियाली गदेरे को भी लोगों ने कूड़ा डंपिंग जोन बना दिया है। मोटर नगर में अधुनिक बस अड्डे के लिए चिह्नित स्थान पर भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। दुर्गंध के कारण राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार लोग मरे हुए जानवरों को भी इस गड्ढे में फेंक देते हैं। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। कई घरों के आसपास खाली प्लाट में भी यही स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति में यदि आमजन ने यह लापरवाही नहीं छोड़ी तो शहर की स्थिति बिगड़नी तय है। जबकि, नगर निगम भी समय-समय पर आमजन को जागरूक करने के लिए अभियान चलाता रहता है। कुछ माह पूर्व ही निगम के अधिकारियों ने वार्डों में पहुंचकर लोगों को घर का कूड़ा निगम के वाहन में ही डालने की अपील की थी।

#### निगम के पास संसाधनों की कमी

वर्ष 2018 में कोटद्वार नगर निगम का गठन किया गया था। चालीस वार्डों में कूड़ा सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए निगम पिछले आठ वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा है। बावजूद अब भी निगम के पास सफाई कर्मियों सहित अन्य संसाधनों की कमी है। वाहन चालकों के 41 पद सृजित हैं जिन्हें आउटसोर्स, संविदा, उपनल व पीआरडी कर्मियों के जरिये भरा गया है। पर्यावरण पर्यवेक्षक के सृजित 20 पदों में कोई तैनाती नहीं है। पर्यावरण मित्र के 271 पदों में 54 कर्मी नियमित हैं। जबकि, अन्य आउटसोर्स व समिति के जरिये भरे गए हैं। वर्तमान में नगर निगम डोर-टॉर डोर कूड़ा उठाने वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ा रहा है।

#### बनाई आदत तो सुधरेगी सूरत

यदि शहरवासियों ने अपनी आदत में स्वच्छता को अपनाया तो शहर की सूरत बदल जाएगी। हमें सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए। बच्चों को भी स्वच्छता की जानकारी दी जानी चाहिए। सड़क पर कूड़ा फेंकने से नालियों के चौक होने का खतरा बना रहता है। जिससे सड़क पर जल भराव जैसी स्थिति होती है।

## निकाय ठोस अपशिष्ट निस्तारण की कार्य योजना बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को एनआईसी कक्ष में नमामि गंगे समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्वच्छ गंगा मिशन में समयबद्ध रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

डीएम ने ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ी प्रक्रियाओं में विभागीय समन्वय बढ़ाने पर जोर देते हुए पीएम गंगा से जुड़े अधिकारियों को नगर निकायों को प्रशिक्षित करने को कहा। साथ ही जागरुकता, चालन, कूड़ा उठाने से संबंधित टेंडर प्रक्रिया तथा कॉम्पेक्टर व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्यवाही समय पर पूर्ण करने को कहा।

मंगलवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि पौड़ी में श्रीनगर मार्ग पर लीगेसी वेस्ट के सम्बन्ध में सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गयी है। उन्होंने नगर पालिका पौड़ी को तत्काल टेंडर की कार्रवाई करने, ठोस अपशिष्ट निस्तारण के लिए उपयुक्त भूमि तलाशने निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने थलीसैंण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र की सैद्धांतिक स्वीकृत मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने कहा। उन्होंने जिला उद्योग विभाग को सिडकुल क्षेत्र का निरीक्षण कर यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी औद्योगिक इकाई नदियों में अवैध रूप से अपशिष्ट न डाले। जिलाधिकारी ने बताया कि कोटद्वार में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम शुरू हो गया है। इस संबंध में उन्होंने नगर आयुक्त कोटद्वार को प्रोजेक्ट मैनेजर गंगा के साथ निरीक्षण कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम श्रीनगर को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान की कार्यवाही आगे बढ़ाने को कहा। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा संग्रहण प्वाइंट बनाकर कूड़ा संग्रहण के निर्देश दिए।

## गैरसैंण क्षेत्र को जोड़ने वाली दो नई बसों से यातायात होगा सुगम

चमोली : ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण को सीधे हरिद्वार एवं हल्द्वानी से जुड़ने के लिए इस रूट पर दो नयी बसों को संचालन प्रारंभ हो गया है। इससे गैरसैंण क्षेत्र से हल्द्वानी एवं कीओर जाने वाली सवारियों को सीधे यातायात की सुविधा मिलेगी।

बता दें कि नंदा देवी बसे सेवा ने सुबह 5 बजे हरिद्वार से श्रीनगर, कर्णप्रयाग गैरसैंण माईथान बस सेवा प्रारंभ की है। जो लगभग डेढ़ बजे गैरसैंण पहुचेगी। दूसरी ओर जीएमओयू लि ने भी हल्द्वानी से साढ़े पांच बजे डेली बस सेवा प्रारंभ की है जो कि रानीखेत चौखुटिया होते हुये एक बजे गैरसैंण व चार बजे कर्णप्रयाग पहुंचेगी। इन दोनों स्थानों के लिए सीधी बस सेवा प्रारंभ होने से सवारियों को अब टैक्सीयों ने भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। जनप्रतिनिधि लम्बे समय से इन रूटों पर बस संचालन की मांग करती चली आ रही थी। (एजेंसी)

## बेहतर समाज सेवा के लिए चार को मिला सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वरिष्ठ नागरिक संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बेहतर समाज सेवा के लिए प्रकाश चंद्र कोठारी, सुनील कुमार नवानी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, रिपुदमन बिष्ट को स्व. सुरेंद्र सिंह नेगी स्मृति सम्मान दिया।


कोटद्वार में वरिष्ठ नागरिक संगठन के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते अतिथिगण

नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक संगठन समाज में रहने वाले वरिष्ठ जनों के हितों को लेकर कार्य कर रहा है। इसके लिए समय-समय पर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। बतौर मुख्य अतिथि महानिदेशक, सहकारिता विभाग डा. मनोज कुमार ने बताया कि नौकरी के दौरान वह वरिष्ठ नागरिक संगठन के कार्यों से प्रेरित हुए और आज वह इस संगठन से जुड़कर वरिष्ठ जनों की सेवा में योगदान दे रहे हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सुषमा थलेड़ी ने कहा कि संगठन की ओर से समय-समय पर सामाजिक मुद्दे भी उठाए जाते हैं। संगठन के कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड में वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग का गठन किया जाना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से वरिष्ठ जनों के लिए कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कैरम एकल व युगल प्रतियोगिता में जयवीर सिंह रावत प्रथम, युद्धवीर सिंह रावत द्वितीय स्थान पर रहे। विक्रम सिंह बिष्ट, नवल किशोर बड़ोला, दिनेश घिल्डियाल, विनोद कुकरेती को प्रतियोगिता का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं, संगठन ने सामाजिक कार्यों के लिए प्रकाश चंद्र कोठारी, सुनील कुमार नवानी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, रिपुदमन बिष्ट को स्व. सुरेंद्र सिंह नेगी स्मृति सम्मान दिया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष के. पीएल खंतवाल, रिपुदमन सिंह बिष्ट, महेंद्र कुमार अग्रवाल, केशर सिंह चौहान, केएल अरोड़ा, डा. अतुल जोशी, महेंद्र पाल रावत, अजय पाल रावत, आशा खंतवाल, सरोजनी कुकरेती, विनोद कुकरेती, कांता सिंह आदि मौजूद रहे।

## बेस अस्पताल को मिला एक और फिजीशियन

**जयन्त प्रतिनिधि**

कोटद्वार : लगातार मांग के बाद आखिर राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार को एक और फिजीशियन मिल गया है। अब तक बेस अस्पताल में केवल एक फिजीशियन के भरोसे ही व्यवस्थाएं चल रही थी। फिजिशियन की तैनाती होने से लोगों को भी काफी राहत मिलेगी। कई बार मरीजों की संख्या इतनी अधिक बढ़ जाती है कि एक फिजीशियन के कांधों पर अधिक जिम्मेदारी आ जाती है।


कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में मरीजों की जांच करती फिजीशियन डा. दीपिका

राजकीय बेस चिकित्सालय में पहाड़ के साथ ही मैदान से सैकड़ों मरीज प्रतिदिन उपचार के लिए पहुंचते है। ऐसे में सबसे अधिक मरीज सर्दी, जुकाम व बुखार के पहुंचते हैं। लेकिन, बेस अस्पताल में स्वीकृत फिजीशियन के तीन पदों में से मात्र एक पर ही तैनाती थी। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार फिजीशियन के छुट्टी पर चले जाने से मरीजों की समस्या और अधिक बढ़ जाती थी। लोगों को मजबूरन निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती थी।

ऐसे में पिछले लंबे समय से चिकित्सालय में फिजीशियन की तैनाती की मांग उठ रही थी। आखिरकार, शासन ने बेस चिकित्सालय में एक फिजीशियन की तैनाती कर दी है। मंगलवार को डा. दीपिका ने बतौर फिजीशियन चिकित्सालय में कार्यभार ग्रहण किया। डा. दीपिका के कार्यभार संभालने के बाद जहां मौजूदा फिजीशियन को थोड़ी राहत मिलेगी, वहीं आमजन को भी राहत मिलना तय है।

### राज्य आंदोलनकारियों ने लगाया उपेक्षा का आरोप

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने राज्य स्थापना दिवस की गई घोषणा की समीक्षा की। दर्शनलाल चौक के समीप मंगलवार को मंच की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, महासचिव रामलाल खंडूड़ी ने कहा कि लगातार राज्य आंदोलनकारियों की उपेक्षा अब बर्दाशत नही होंगी, क्योंकि ना 10% क्षैतिज आरक्षण का लाभ सभी राज्य आंदोलनकारियों को मिल रहा हैं, ना ही वर्षों से लंबित चिन्हीकरण के मामलों का निस्तारण किया जा रहा हैं। शहीदों के परिजन और आश्रित अपने बच्चों की सुविधा के लिए आरक्षण और पेंशन का लाभ नही ले पा रहें हैं। यदि शीघ्र घोषणाओं का शासनादेश जारी नही किया जाता तों शीघ्र बड़ी बैठक बुलाकर अगली रणनीति तय की जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने कहा कि 13 दिसंबर को लगातार बिगड़ती हुई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के खिलाफ दून चिकित्सालय में धरना—प्रदर्शन किया जाएगा।

### ग्रामीणों से स्वरोजगार अपनाने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार द्वारा ग्राम सभा जमणधार में उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों से स्वरोजगार परक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

ग्राम प्रधान गीता नेगी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में उद्योग विभाग के सहायक प्रबंधक संजय भारती ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, हथकरघा, हस्तशिल्प, लघु उद्यम पुरस्कार योजना, उत्तराखंड राज्य शिल्प रत्न पुरस्कार योजना के साथ ही उत्तराखंड स्टार्ट अप नीति की विस्तृत जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक गजेंद्र सिंह रावत व जगदीश धर्म सत्तू ने बैंक से सरकारी योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति व कृषि ऋण आदि संबंधी जानकारी दी।

## महिलाएं घास, लकड़ी लेने व मवेशियों को चराने समूह में जाएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कल्जीखाल ब्लॉक के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डांगी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में राजस्व, विभाग के अधिकारियों के अलावा अभिभावक उपस्थित रहे। इस दौरान बताया गया कि छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर स्कूल का संचालन पंचायत भवन में किया जा रहा है।

मंगलवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सज्जन सिंह नेगी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत डांगी पंचायत भवन में आयोजित बैठक में भालू और गुलदार की लगातार बढ़ रही सक्रियता को लेकर चर्चा की गई। सज्जन सिंह नेगी ने महिलाओं को घास, लकड़ी व मवेशियों को चराने के लिए समूह में जाने की सलाह दी। कहा कि ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी पड़ेगी और जागरूक रहना होगा। समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने बताया कि आए दिन भालू और गुलदार मवेशियों को मार रहा है। गनीमत है कि अभी तक जंगली जानवरों ने मानव को क्षति नहीं पहुंचाई है। उन्होंने बताया कि वन विभाग जिस प्रकार वन अग्नि सुरक्षा को लेकर गंभीर रहता है और जनप्रतिनिधियों के साथ ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठियां करता है, उसी प्रकार वन्य जीवों के बढ़ते हमले से बचने के लिए ग्रामीण स्तर पर महिला मंगल दल पंचायत प्रतिनिधियों, वन पंचायत सरपंचों के साथ प्रत्येक माह में एक बार रेंज स्तरीय वन अधिकारियों को बैठक करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब तक जितने भी डीएफओ आए वह मंडल मुख्यालय से बाहर नहीं निकले, जब कोई घटना घटित होती उसके बाद ही वन अधिकारी हरगत में आते है।

## गोपेश्वर में पानी के लिए दो घंटे का लगाया जाम

चमोली : पेयजल की समस्या से जूझते गोपेश्वर के हल्दापानी, सुभाष नगर और पठियाल धार के निवासियों ने मंगलवार को बड़ी संख्या में जुट कर चमोली-गोपेश्वर सड़क पर दो घंटे से अधिक समय तक खाली बर्तनों के साथ चक्का जाम किया। नागरिकों ने मौके पर पहुंचे पेयजल विभाग के अधिकारियों का भी घेराव कर शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता सूर्य प्रकाश पुरोहित, संदीप झिंक्वाण, योगेन्द्र बिष्ट, अरविंद नेगी ने बताया हल्दापानी में पिछले 3 महीनों से पेयजल की किल्लत बनी है। क्षेत्र की स्थानीय निवासी सरिता नेगी, ऊषा रावत, सरिता तोपाल ने बताया कि हल्दापानी की 5000 से अधिक की आबादी पेयजल की बूंद-बूंद को तरस रही है। पर जल संस्थान इस बड़ी समस्या को गम्भीरता से नहीं ले रहा है। पानी के तरसते हल्दापानी के निवासियों का आक्रोश मंगलवार को सड़क फूटा। महिलाएं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पेयजल की मांग के लिए लगभग दो घंटे तक गोपेश्वर-चमोली सड़क पर हल्दापानी मुख्य स्थल पर एकत्र हो कर सरकार दिदा पाणी पाणी.. की आवाज उठाई। सड़क के दोनों और वाहन खड़े रहे। सुबह 9 बजे से लेकर लगभग 11 बजे तक सड़क पर आवाजाही थम गई।

## जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़े विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बलूनी पब्लिक स्कूल तल्ला मोटाढांग में करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बेहतर करियर की जानकारी दी गई। कहा कि बच्चों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए।

आयोजित काउंसलिंग कार्यशाला में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मनोवैज्ञानिक कर्नल (सेनि.) एसएस साही व विक्रम कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर के बारे में जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत करने वालों को एक दिन अवश्य सफलता प्राप्त होती है। कहा कि जिस क्षेत्र में विद्यार्थियों की रूची है वह उस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं, अपनी क्षमता व रूचि के अनुसार ही विद्यार्थियों को अपना करियर चुनना चाहिए। डा. बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने कहा कि इस तरह की करियर काउंसलिंग से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर कोटद्वार विंग की डायरेक्टर अभिलाषा भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।


आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते विशेषज्ञ

**अदालती सूचना**

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय**
**कोटद्वार गढ़वाल**
**राजस्व वाद संख्या 10/2024-2025**
**अरूण कुमार बनाम भगवती प्रसाद**

समन बनाम भगवती प्रसाद पुत्र बालकृष्ण निवासी महरगॉव, पटटी सीला, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल

एक वाद अन्तर्गत धारा 201 उ0प्र0भू0वि0अधि0 तहत योजित किया गया है, जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 17/12/2025 को समय प्रातः 10 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जबावदेही करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

आज दिनांक 29.11 25 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार**
**कोटद्वार**

## भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग दें

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के तत्वाधान में श्रीमती नाजिश कलीम सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी गढ़वाल द्वारा जिला न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के अवसर पर साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए यह संदेश दिया कि किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की सूचना संबंधित विभागों एवं हेल्पलाइन माध्यमों पर तत्काल प्रदान करें तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग दें। इस मौके पर सचिव नाजिश कलीम ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस भ्रष्टाचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके खिलाफ लड़ने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को उजागर करने के लिए हर साल 9 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार से होने वाले गंभीर खतरों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना, समाज के हर स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।



भ्रष्टाचार के कई रूप हैं, जैसेः रिश्वत, गबन, भाई-भतीजावाद। उन्होंने कहा कि भारत में भी भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए कई कानून और संस्थाएं हैं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद ए वाहिद, सिविल जज सीनियर डिवीजन अमित भट्ट, सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रतीक्षा केसरवानी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतीक मथेला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कमल प्रसाद बमराडा, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल महेश कॉलोनी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार, रिटेनर अधिवक्ता कुसुम नेगी, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव गजेंद्र सिंह रावत एवं पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ सुभाष चंद्र रतूड़ी आदि उपस्थित रहे।

## मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए विभाग सतर्क : डॉ. पांडेय

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए विभाग सतर्क है। कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कहा कि जिले में गुलदार की गतिविधियों की जानकारी देने और उसे चिह्नित करने के लिए वन विभाग अब स्थानीय स्वयं सेवकों को भी अपनी टीम में शामिल करेगा। कहा कि जरूरत पड़ी तो स्कूलों का समय बदला जाएगा और प्रभावित क्षेत्रों में वनकर्मी बच्चों को लाने ले जाने का काम करेंगे। मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल डा. धीरज पांडेय ने मंगलवार को मुख्य वन संरक्षक कार्यालय कंडोलिया में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में एनाइड, ड्रोन व कैमरा ट्रैप से भी गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने जंगल जाने से पूर्व महिलाओं को अपनी जानकारी वन कर्मियों को जरूर देने की अपील की है। कहा कि इससे कोई अप्रिय घटना होने पर तुरंत सहायता मुहैया कराई जा सकेगी। बताया कि स्थानीय लोगों से गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखे जाने के लिए स्वयं सेवक के रूप में विभाग की मदद के लिए कहा गया है। डब्लूडब्लूएफ (वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ) के विशेषज्ञों से भी गजल्ड, डोभाल ढांडरी, कोटी सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में गुलदार की तलाश में सहायता ली जा रही है। कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए विभाग पूरी तरह से सतर्क है।

**अदालती सूचना**

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय**
**कोटद्वार गढ़वाल**
**राजस्व वाद संख्या 11/2024-2025**
**अरूण कुमार बनाम हर्षवर्द्धन**

समन बनाम हर्षवर्द्धन पुत्र शिवानन्द निवासी पदमपुर, पट्टी मोटाढाक, कोटद्वार गढ़वाल

एक वाद अन्तर्गत धारा 201 उ0प्र0भू0वि0अधि0 तहत योजित किया गया है, जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 17/12/2025 को समय प्रातः 10 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जबावदेही करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

आज दिनांक 29.11 25 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार**
**कोटद्वार**

## संक्षिप्त समाचार

### आइसा ने किया प्रदर्शन, दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : देहरादून में नर्सिंग अभ्यर्थी के साथ महिला पुलिस कर्मी द्वारा की गई मारपीट पर मंगलवार को आइसा छात्र संगठन ने कड़ा रोष व्यक्त किया। विरोध स्वरूप आइसा ने बिड़ला परिसर गेट के समीप प्रदर्शन करते हुए दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। गढ़वाल विवि के छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन असवाल, पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कहा कि नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को पूर्व की भांति वर्षवार करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच कर रहे अभ्यर्थी के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा की गई मारपीट दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं और इस तरह का दुरुपयोग किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बताया कि इस घटना पर कठोर कार्रवाई और जवाबदेही आवश्यक है। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मी पर तुरंत कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अरुणेश, युवराज, अनादि, आयुष, हर्षित, दीक्षा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### किसान 13 दिसंबर को सीएम आवास कूच करेंगे

देहरादून। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) से जुड़े किसान 13 दिसंबर को किसान की समस्याओं को लेकर सीएम आवास कूच करेंगे। मंगलवार को लैंसडौन चौक स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि यूनियन गन्ना मूल्य बढ़ाने, 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को पेंशन देने समेत 25 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग कर रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर यूनियन के पदाधिकारी दो महीने से सीएम से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनको मिलने का समय नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण मजबूरन किसानों को अब सीएम आवास कूच के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौहान, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक हाजी मुस्तकिम, जिलाध्यक्ष संदीप चौहान आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज में विशेष श्रेणी और तकनीकी कर्मचारी का विनियमितिकरण हो

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पर्यावरण मंत्री एवं संविदाइतदर्थ कर्मचारियों से संबंधित समिति के अध्यक्ष सुबोध उनियाल से मुलाकात की। परिषद ने रोडवेज के विशेष श्रेणी चालक–परिचालक और तकनीकी संवर्ग के विनियमितीकरण करने और कट–ऑफ डेट का निर्धारण करने की मांग की है। प्रदेश महामंत्री दिनेश पंत और उप महामंत्री विपिन बिजल्वाण ने बताया कि मंत्री को बताया कि यह संवर्ग पिछले 10–15 वर्षों से निगम में कार्यरत है और प्रत्यक्ष रूप से निगम से वेतन प्राप्त कर रहा हैं, इसके बावजूद इन्हें विनियमित संवर्ग में शामिल नहीं किया गया, जो असमानता एवं सेवा–नियमों के विरुद्ध है। बताया कि मंत्री ने सचिव (कार्मिक) को त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### रसिक महाराज से मिले एसएसपी, धर्मांतरण पर चर्चा

देहरादून। एसएसपी अजय सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष स्वामी रसिक महाराज से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने धर्मान्तरण और लव जिहाद से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। स्वामी रसिक महाराज ने पुलिस अधीक्षक को उत्तराखंड में बढ़ते धर्मान्तरण के मामलों, खासकर कमजोर वर्गों को लक्ष्य बनाकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

# वन भूमि हस्तांतरण मामलों में तेजी लाएं विभाग : डीएम

### वन और राजस्व विभाग को जीआईएस द्वारा लैंड बैंक बनाए जाने के दिए निर्देश




जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को एनआईसी कक्ष में वन भूमि हस्तांतरण से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जनपद में लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति जानने के साथ ही विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्राथमिकता आधारित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन भूमि से जुड़े प्रकरण सीधे जनहित और विकास कार्यों से संबंधित हैं, इसलिए इनके निस्तारण में किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय को मजबूत कर लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से निपटाया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को सभी लंबित प्रकरणों का विस्तृत परीक्षण करने तथा भौतिक सत्यापन कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय अभिलेखों को अद्यतन रखा जाए और आवश्यक संस्तुतियां समय से शासन को भेजी जाएं। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में तकनीकी बाधाएं हैं, उनकी स्पष्ट सूची तैयार कर समाधान हेतु प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने लोनिवि अधिकारियों को वन विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण करने को कहा, ताकि वन भूमि से जुड़े मामलों का निस्तारण तेजी से हो सके। डीएम ने वन विभाग को निर्देशित किया कि वन भूमि हस्तांतरण संबंधी गाइडलाइन सभी विभागों के साथ साझा की जाए, जिससे कार्यवाही निर्धारित ढांचे के अनुसार आगे बढ़े। जिलाधिकारी ने वन विभाग को राजस्व विभाग के साथ मिलकर लैंड बैंक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जीआईएस द्वारा लैंड बैंक का डेटा बनाया जाएगा, जिससे सत्यापन के बाद प्रतिपूरक वनरोपण में समस्या नहीं आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न होने पाए और प्रत्येक मामले की यथास्थिति नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। बैठक में डीएफओ अभिमन्यु सिंह, अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, लोनिवि के विभिन्न डिवीजनों के अधिशासी अभियंता सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# जसपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** बाल विकास परियोजना कल्जीखाल के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र जसपुर में मंगलवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती सुषमा रावत ने कहा कि बेटे और बेटी में कोई भी मतभेद नहीं होना चाहिए। दोनों को समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। कहा कि हमें भ्रूण हत्या पर रोक हेतु हर सम्भव प्रयास करने चाहिए तथा बेटियों के उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास करने आवश्यक है। कार्यक्रम में सुपरवाईजर श्रीमती सुनीता तोपवाल ने पोषण मिशन एवं अन्य विभागीय जानकारी दी। इस मौके पर सोनिका देवी, प्रियंका देवी को बेटियों के प्रोत्साहन हेतु उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कनिष्ठ सहायक महाराज सिंह रावत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हेमलता देवी, सहायिका सुषमा देवी, ग्राम प्रधान ग्राम सभा जसपुर कलावती देवी आदि मौजूद थे।

# त्रियुगीनारायण बन रहा लोकप्रिय डेस्टिनेशन वेडिंग पॉइंट

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : त्रियुगीनारायण को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने के जिला प्रशासन के निरंतर प्रयास अब रंग ला रहे हैं। भगवान शिव और देवी पार्वती के पौराणिक विवाह स्थल के रूप में प्रसिद्ध यह धाम अब तेजी से देश-दुनिया के जोड़ों की पहली पसंद बन रहा है। यहां आयोजित होने वाली शादियों से क्षेत्र की स्थानीय आर्थिकी में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है तथा पर्यटन को भी नए आयाम मिल रहे हैं। स्थानीय होटल, होमस्टे, परिवहन, फूल-व्यवसाय, बैंड-बाजा एवं पुजारी समुदाय को सीधा लाभ मिल रहा है।इसी सकारात्मक परिवर्तन को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी थराली नितिन धानिया द्वारा भी अपनी शादी का आयोजन त्रियुगीनारायण में ही किया गया। प्रशासनिक स्तर पर यह पहल क्षेत्र में वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में नई ऊर्जा और पहचान ला रही है। त्रियुगीनारायण पुरोहित समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद पंचपुरी ने बताया कि 2022 से यहां औपचारिक रूप से विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके उपरांत शिव-पार्वती के दिव्य विवाह स्थल पर डेस्टिनेशन वेडिंग की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2022 से 2025 के बीच कुल 750 विवाह संपन्न हुए, जिसमें वर्ष 2022 में 50 विवाह, 2023 में 200 विवाह, 2024 के 200 विवाह तथा 2025 में अब तक 300 विवाह संपन्न हो चुके है। लगातार बढ़ती मांग और प्रशासनिक प्रयासों के चलते त्रियुगीनारायण अब उत्तराखण्ड का प्रमुख डेस्टिनेशन वेडिंग पॉइंट बन चुका है।

### श्रीनगर में डेंगू बचाव अभियान संपन्न

श्रीनगर गढ़वाल : डेंगू की महामारी से बचाव के लिए चलाए जा रहे अभियान का मंगलवार को समापन हो गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. गौतम नैथानी ने बताया कि डेंगू महामारी के मामले शून्य होने के कारण संयुक्त उपजिला चिकित्सालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान को समाप्त कर दिया गया है। कहा कि जागरूकता अभियान के चलते जहां गत वर्ष श्रीनगर शहर व उसके आस-पास डेंगू ने अपना भयंकर रूप लिया था और कई लोग बीमार व अकाल काल ग्रस्त हुये थे, लेकिन इस वर्ष स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के कुशल दिशा निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों और नगर निगम के विशेष सहयोग से केवल 5 डेंगू रोगी पाये गये हैं। बताया कि जो भी डेंगू के मरीज मिले हैं।

# भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के तत्वधान में मंगलवार को इंटरनेशनल एंटी करप्शन डे (भ्रष्टाचार मुक्त दिवस) रूप में मनाया गया। मंगलवार को कल्जीखाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत डांगी में पंचायत भवन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कानूनी प्रावधानों और रोकथाम उपायों की जानकारी दी गई। मंगलवार को कल्जीखाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत डांगी में पंचायत भवन में पीएलवी जगमोहन डांगी एवं साजन सिंह नेगी द्वारा संयुक्त रूप में विधिक शिविर आयोजित किया गया। पीएलवी जगमोहन डांगी ने कानूनी प्रावधानों और रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को पोक्सो एक्ट, बैड टच, नशीली दवाओं के सेवन से दुष्प्रभाव, सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान बताया गया कि 12 दिसम्बर को लोक अदालत और 13 दिसम्बर को स्थाई लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। शिविर में राजस्व निरीक्षक सुदामा सिंह रावत, राजस्व उप निरीक्षक धीरज सिंह, दौलत सिंह बिष्ट, राउमा विद्यालय डांगी प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती विनीता रावत, शिक्षक दिनेश सिंह, शीतल भट्ट, वन विभाग से रबी चौधरी, फायर वाचक अजीत सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने 142 नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स को दिए नियुक्ति पत्र



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये अवसर चिकित्सा के क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि सभी अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उनके भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और सेवा की भावना भी विकसित करें। जिससे वे कुशल और दक्ष चिकित्सक बनने के साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भी पूरी ईमानदारी से निभाएं। कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक करीब 61 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं।

जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 17 लाख से अधिक मरीजों का 3300 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया गया है। कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है। जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके जिले में ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इनमें से पाँच मेडिकल कॉलेज पहले से ही संचालित किए जा चुके हैं, जबकि दो और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग भी स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, विधायक खजान दास, सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय आर्य एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य मौजूद थे।

**600 नर्सिंग अधिकारियों की चयन पक्रिया गतिमान**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ की कमी को दूर किया जा रहा है। 142 असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं। साथ ही 356 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी गतिमान है। 1248 नर्सिंग अधिकारियों और 170 टेक्नीशियनों को भी नियुक्तियां प्रदान की गई है और करीब 600 नर्सिंग अधिकारियों की चयन प्रक्रिया भी गतिमान है।

### 10 मेधावियों को मिली स्कॉलरशिप

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय पॉलिटेक्निक श्रीनगर में मंगलवार को 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप चेक वितरित किये गए। मुख्य अतिथि एपिरोक माइनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अजय वर्मा ने मेधावियों को स्कॉलरशिप चेक वितरित कर छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारे देश के भविष्य को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा सबसे अहम है। स्कॉलरशिप का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। राजकीय पॉलिटेक्निक श्रीनगर के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को एक नई दिशा मिलती है और वे अपने सपनों को साकार करने में सक्षम होते हैं। इस मौके पर राघवेन्द्र सेठी, अनिकेत झा, जगदीप कोहली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# तहसील दिवस में बिजली, पानी सहित 56 शिकायतें दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर परिसर में मंगलवार को जिलाधिकारी टिहरी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में विद्युत और पेयजल का मुद्दा गरमाया रहा। ग्रामीणों ने जल निगम, वन विभाग, पंपिंग योजना, लघु सिंचाई, सड़क, स्वास्थ्य आदि विभागों से संबंधित 65 शिकायतें दर्ज की गई। तहसील दिवस पर शिकायतकर्ताओं द्वारा लोनिवि की सड़कों की दशा ठीक कराने, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित कराये जा रहे खेल मैदानों को शीघ्र बनाये जाने, पेयजल की व्यवस्था निरंतर कराये जाने तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य कैम्प लगाने की मांग की गयी। जिला पंचायत सदस्य चिलेडी उत्तम सिंह असवाल ने क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन खोलने तथा पूर्व में क्षेत्र के स्थानीय काश्तकारों की बैल जोड़ी व बकरी की करंट लगने से हुई मौत का मुआवजा दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने एसडीएम कीर्तिनगर व विद्युत विभाग को प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा मुआवजा देने के निर्देश दिए।

क्षेत्र पंचायत सदस्य कणोली मनोज लखेड़ा ने हडिमधार पेयजल योजना से क्षेत्र के कणोली व पैन्डुला में पानी आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। डीएम ने पेयजल विभाग को 31 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण कर पेयजल वितरण व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए गए। व्यापार सभा कीर्तिनगर के अध्यक्ष ओम प्रकाश बधानी ने एनएच का मुआवजा ए श्रेणी में दिलाने की मांग पर डीएम ने एसएलओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# नर्सिंग बेरोजगार युवतियों से अभद्रता के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

देहरादून। महिला कांग्रेस और नर्सिंग बेरोजगारों ने नर्सिंग बेरोजगार युवतियों से अभद्रता के विरोध में पुलिस मुख्यालय के समीप प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। नर्सिंग बेरोजगार युवतियों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की गई अभद्रता और थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में उत्तराखंड महिला कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में वर्करों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से पुलिस मुख्यालय कीओर कूच किया। पुलिस ने कनक चौक के समीप बैरीकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। वर्करों ने वहां पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बैरिकेडिंग पर चढ़कर उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किया। विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नर्सिंग बेरोजगार युवतियां भी उपस्थित रहीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और नर्सिंग बेरोजगारों को और महिला कांग्रेस वर्करों को गाड़ियों में भरकर एकता विहार छोड़ा गया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि रोजगार की मांग करने वाली बेटियों के साथ इस प्रकार का अपमानजनक और दमनकारी व्यवहार सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करता है।

आरोप लगाया कि धामी सरकार युवाओं की आवाज सुनने के बजाय उन पर शक्ति प्रदर्शन कर रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

### स्वयं सेवक करेंगे लोगों से सीधे संवाद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नीलकंठ खंड के स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। अभियान के दौरान स्वयं सेवक लोगों से सीधे संवाद करेंगे और उनके सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं भी साझा की जाएगी। इस मौके पर खंड कार्यवाह अलकेश कुकरेती ने बताया कि इस अभियान के तहत संघ के स्वयं सेवक टोलियां बनाकर गांव-गांव और घर-घर जा रहे हैं। ये टोलियां परिवारों को संघ का साहित्य वितरित कर रही हैं और उन्हें संघ के पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी दे रही हैं। कुकरेती ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील भारत का निर्माण करना है।

# कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवीन तकनीकों और मॉडलों को अपनाएं : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के वीसी कक्ष में कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को जनपद में उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि करने, वर्तमान चुनौतियों का समाधान सुनिश्चित करने हेतु ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम ने ऑर्गेनिक खेती के व्यापक प्रचार-प्रसार, स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग एवं बाजार उपलब्धता सुनिश्चित करने, कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवीन तकनीकों और मॉडलों को अपनाने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को जंगली-जानवरों, विशेषकर बंदर, लंगूर और जंगली सूअरों से फसल को होने वाले नुकसान को बचाने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय अपनाने और चैन लिंक फैंसिंग बढ़ाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिये कि कृषि उपकरणों के वितरण में लाभार्थियों की पुनरावृत्ति न हो, अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं का लाभ मिले। जिलाधिकारी ने सिंचाई के संसाधन विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी एवं मुख्य उद्यान अधिकारी को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत पर्वतीय गांवों में कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों को मजबूत करने, वहां के काश्तकारों को आधुनिक खेती तकनीकों का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी, मुख्य उद्यान अधिकारी नितेन्द्र सिंह, अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया 46 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकापर्ण

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया देहरादून नगर निगम के 27वें स्थापना दिवस समारोह में प्रतिभाग



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून नगर निगम के 27वें स्थापना दिवस समारोह में प्रतिभाग करते हुए देहरादून महानगर में 46 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 27 वर्षों में देहरादून नगर निगम ने नागरिक सुविधाओं के विस्तार और आधुनिक शहरी प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल करते हुए, देहरादून को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास और समृद्धि के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज देश में अनेकों परियोजनाओं के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के विकास को नई दिशा प्रदान की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देश के लाखों शहरों, कस्बों और नगरों में साफ-सफाई की एक नई संस्कृति विकसित हुई है। अमृत योजना के द्वारा शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति, सीवरेज और हरित स्थानों को विकसित किया गया है। इसी तरह स्मार्ट सिटी मिशन नगर विकास का एक आदर्श नगर विकास के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार देहरादून को एक आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। देहरादून में जहां एक ओर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। वहीं स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, खुले में शौच मुक्त अभियान और लीगेसी वेस्ट प्रबंधन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून को एक आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। शहर में कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण किया गया है, वहीं कूड़ा वाहनों की रियल-–टाइम मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना भी की है। हरित और स्वस्थ देहरादून बनाने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर 35 पार्कों का निर्माण भी कराया गया है। इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि देहरादून को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल शहर के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम द्वारा सम्पन्न कराए जा रहे विकास कार्यों का भी विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, नगरायुक्त श्रीमती नमामि बंसल सहित अधिकारी एवं पार्षद उपस्थित हुए।

शिलान्यास

1- किरसाली चौक से सहस्त्रधारा कॉसिंग की ओर सड़क फुटपाथ का विकास, ग्रीनरी एवं सौन्दर्गीकरण कार्य लागत-264.21 लाख।

2- मोथरोवाला में मृत पशु शवों के निस्तारण हेतु गैस चलित पशु शवदाह गृह का निर्माण कार्य लागत-147.89 लाख।

3- कैनाल रोड़, लक्जूरिया फार्म से अजन्ता होटल की ओर सड़क फुटपाथ का विकास, ग्रीनरी एवं सौन्दर्यीकरण कार्य लागत-247.58 लाख।

4- कुठाल गेट से राजपुर चौक की ओर सड़क फुटपाथ का विकास, ग्रीनरी एवं सौन्दर्यीकरण कार्य लागत-257.67 लाख।

5- घण्टाघर से आरटीओ चौक की ओर सड़क फुटपाथ का विकास, ग्रीनरी एवं सौन्दर्यीकरण कार्य लागत-165.84 लाख।

6- घण्टाघर से यमुना कालोनी की ओर सड़क फुटपाथ का विकास, ग्रीनरी एवं सौन्दर्यीकरण कार्य लागत- 193.11 लाख।

7- विवेकानन्द चौक से कुठाल गेट की ओर सड़क फुटपाथ का विकास, ग्रीनरी एवं सौन्दर्यीकरण कार्य लागत-234.79 लाख।

लोकापर्ण

1- वार्ड संख्या 60 आईटी पार्क रोड़ में पार्क विकास कार्य लागत-116.75 लाख।

2- नगर निगम की कॉफी टेबल बुक/डायरी/ई-आफिस का अनावरण।

3- मैकेनाइज स्मार्ट कार पार्किंग लागत-3.29 करोड़।

4- राजपुर रोड़ पार्किंग लागत-1.00 करोड़।

5- धोरण में मैकेनाइज ट्रान्फर स्टेशन का निर्माण लागत -6.29 करोड़।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com